आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 13.08.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखण्ड में पिछले छह वर्षों से निष्क्रिय छह पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को डीलिस्ट किया; ग्यारह अन्य को जारी किए नोटिस।
- देहरादून में डिजिटल उत्तराखण्ड की पांच नई सेवाओं का शुभारंभ; मुख्यमंत्री ने आईटी और एआई आधारित सेवाओं की करी शुरूआत।
- उत्तरप्रदेश के रामपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद उधमसिंह नगर जिले में सतर्कता बढाई गई।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश का रेड व ऑरेंज अलर्ट।

**राजनीतिक दल डीलिस्ट**

भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखण्ड के छह पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को डीलिस्ट कर दिया है। ये दल पिछले छह वर्षों से किसी भी चुनाव में शामिल नहीं हुए और भौतिक सत्यापन में इनके कार्यालय का पता नहीं मिला। आयोग ने इन्हें आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन के भीतर अंतिम अपील का अवसर दिया है। डीलिस्ट किए गए दलों में भारतीय जनक्रान्ति पार्टी, हमारी जनमंच पार्टी, मैदानी क्रान्ति दल, प्रजा मण्डल पार्टी, राष्ट्रीय ग्राम विकास पार्टी और राष्ट्रीय जन सहाय दल शामिल हैं। आयोग ने दूसरे चरण में 11 अन्य निष्क्रिय पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनसे 27 अगस्त 2025 तक जवाब मांगा गया है। आवश्यक शर्तें पूरी न करने पर इनकी भी डीलिस्टिंग का निर्णय लिया जाएगा। निर्वाचन आयोग का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य राजनीतिक व्यवस्था का शुद्धिकरण और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाना है।

**डिजिटल उत्तराखंड**

देहरादून में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से जुड़ी पांच महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई हैं। इनमें डिजिटल उत्तराखण्ड एप, सुरक्षित, स्केलेबल और सुगम्य प्लेटफॉर्म आधारित 66 वेबसाइटों का उद्घाटन, शहरी क्षेत्रों में कूड़ा उठाने वाले वाहनों की जीआईएस आधारित रियल–टाइम ट्रैकिंग वेब एप, 1905 सीएम हेल्पलाइन में एआई आधारित नवाचार और अतिक्रमण की निगरानी के लिए वेब एप शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में इन सभी सेवाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि राज्य में नेक्स्ट–जनरेशन डेटा सेंटर, नेक्स्ट–जनरेशन रिमोट सेंसिंग एवं ड्रोन एप्लीकेशन सेंटर, एक विशिष्ट आईटी कैडर और एआई मिशन को एक्सीलेंस सेंटर के रूप में, स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "डिजिटल उत्तराखण्ड" एप से लोग घर बैठे कई सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे, जिससे पारदर्शिता और सेवाओं की गति बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि नई वेबसाइटें विभागीय जानकारी को सुरक्षित और त्वरित तरीके से जनता तक पहुंचाएंगी। कूड़ा उठाने वाले वाहनों की निगरानी, अतिक्रमण की ऑनलाइन शिकायत और समाधान, तथा सीएम हेल्पलाइन में एआई के उपयोग से शिकायतों के निपटारे में तेजी आएगी।

**आजादी की अमृत महोत्सव**

आज़ादी के अमृत महोत्सव की गूंज उत्तराखंड की वादियों में भी सुनाई दे रही है। तिरंगे की शान और देशभक्ति के रंग में रंगा राज्य, हर घर तिरंगा अभियान को जन–जन तक पहुंचाने में जुटा है। राज्य के विभिन्न जिलों में रैलियों, प्रभात फेरियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और उसके सम्मान की जानकारी दी जा रही है।

स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी व गैर–सरकारी संस्थानों में बच्चों और युवाओं को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों की यादें ताज़ा हों और देशभक्ति की भावना घर–घर तक पहुंचे। शासन–प्रशासन का लक्ष्य है कि इस अभियान के दौरान हर घर पर तिरंगा लहराए और उत्तराखंड देशभक्ति के रंगों से भर उठे।

देहरादून के क्लेमेंटटाउन कैंट में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत गोल्डन की डिवीजन ने तिरंगा रैली आयोजित की। रैली आर्टिलरी चौक से शुरू हुई, जिसमें सैन्य अधिकारी, जवान, उनके परिजन और बच्चे

शामिल हुए। मेजर जनरल नवीन महाजन ने झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया और 400 से अधिक तिरंगे से सजी साइकिलों को रवाना किया। रैली का उद्देश्य राष्ट्र गौरव, नागरिक जिम्मेदारी और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। आयोजन के अंत में संकल्प लिया गया कि 14 से 16 अगस्त के बीच हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराएगा।

**हर घर तिरंगा**

उधर, रुद्रप्रयाग में स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। आर्मी बैंड से शुरू होकर गुलाबराय तक निकली इस यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। स्कूली बैंड की धुनों, देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा शहर देशभक्ति से सराबोर हो गया। यात्रा सच्चिदानंद नगर और भाणाधार होते हुए गुलाबराय मैदान पहुंची, जहां सभी ने एक साथ तिरंगा लहराकर देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यह अभियान देशभक्ति की भावना को प्रबल करता है और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है। वहीं, जिले के पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज रतूड़ा में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, अंतरिक्ष और विज्ञान की झलक दिखाती भव्य रंगोलियां बनाईं। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने छात्राओं की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में राष्ट्रभक्ति और सृजनशीलता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर घरों में तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

**बर्ड फ्लू सतर्कता**

उधमसिंहनगर में प्रशासन ने बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। जिले की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के रामपुर के सहदौरा गांव में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने एक सप्ताह के लिए उत्तर प्रदेश से में मुर्गा–मुर्गी, अंडा और मुर्गा मांस के परिवहन पर रोक लगा दी है। रामपुर प्रशासन ने सहदौरा को केंद्र मानते हुए एक किलोमीटर क्षेत्र को संक्रमित और 10 किलोमीटर क्षेत्र को सतर्कता क्षेत्र घोषित किया है, जिसमें उधमसिंहनगर के 35 गांव भी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मुर्गियों की सैंपलिंग, पक्षियों की निगरानी और पोल्ट्री फार्म संचालकों व व्यापारियों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के पोल्ट्री पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि जिले में अभी बर्ड फ्लू का कोई मामला नहीं है और घबराने की जरूरत नहीं है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज उत्तराखंड के कई हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, उधमसिंह नगर, नैनीताल, बागेश्वर और चंपावत जिलों में कहीं–कहीं बहुत भारी और कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, राज्य के बाकी जिलों में भी मूसलाधार बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी है।
भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए देहरादून, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत और पौड़ी गढ़वाल में आज सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।
बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश के कारण राज्य की प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ा है और पहाड़ी इलाकों में गाड़–गदेरे उफान पर हैं। कई स्थानों पर भूस्खलन के चलते सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई है, जिन्हें साफ करने और आवागमन बहाल करने के प्रयास लगातार जारी हैं।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से जुड़ी पहलों की शुरूआत लगभग सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में हैं। हिन्दुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– हिल से हाईटेक के मंत्र पर काम रही सरकार, उत्तराखंड में उन्नत डाटा सेंटर बनेगा। इसी खबर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– राज्य में एआई एक्सीलेंस सेंटर बनेगा।

धराली आपदा के बाद चल रहे रेस्क्यू की खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– खीर गंगा का फिर रौद्र रूप, अस्थायी पुल बहने से राहत कार्यों में आई बाधा। इसी ख़बर पर अमर उजाला ने लिखा है– आपदा में 68 के लापता होने की पुष्टि, हर्षिल में झील बनी चुनौती।